खुर्सीपार एरिया के बैक लाइन की सफाई का निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 48 क्रांति मार्केट के एसपीएस सड़क 6 से लेकर सड़क 14 तक का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बैक लाइन की सफाई देखी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर खुर्सीपार क्षेत्र में बैक लाइन की सफाई कराई जा रही है। बैक लाइन की सफाई को एक अभियान की तरह चलाया जा रहा है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई अलर्ट मोड पर काम कर रहा है , कोने-कोने से लेकर सकरी बस्तियों तथा मुख्य सड़कों के किनारे से कचरे को हटाने का काम प्रतिदिन किया जा रहा है। बाजार क्षेत्रों में दिन के अलावा रात्रि में भी कचरे का उठाव हो रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निरंतर मॉनिटरिंग से सफाई व्यवस्थाओं में सुधार आ रहा है। सड़क किनारे दिखने वाले कचरे भी अब हटने लगे हैं। लेकिन स्वच्छता के लिए नागरिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है तथा दुकानदारों एवं पथ विक्रेताओं को भी स्वच्छता के महाभियान में शामिल होना होगा। छोटे-छोटे पथ विक्रेता तथा फुटकर विक्रेताओं जो कि सड़क के किनारे सुबह एवं शाम को पृथक-पृथक व्यवसाय करते हैं, इन्हें कचरा फैलने से रोकने के लिए उचित उपाय अपनाना जरूरी है। बीमारी का बहुत बड़ा स्रोत गंदगी भी है जिसको समाप्त करने की आवश्यकता है , भिलाई निगम इसके लिए सतत प्रयासरत है परंतु आम नागरिकों की सहभागिता इसमें नितांत आवश्यक है जिसके चलते ही कचरा को पूर्णरूपेण शहर से हटाया जा सकता है। निगम ने कचरा फैलाने वालों के ऊपर जुर्माना की कार्यवाही जारी रखी है , शहर में किसी को भी कचरा फेंकते पाए जाने पर तथा गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल को हटवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं वहीं मटेरियल रखने वालों को चेतावनी के साथ ही जुर्माना भी लगाया जा रहा है।